16.04.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

○ पुलिस स्थापना दिवस पर आज प्रदेशभर में कई कार्यक्रम–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिसकर्मियों को रोड़वेज़ की सेमी डीलक्स बसों में मुफ्त यात्रा सहित कई सौगातें दीं।

○ राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा–नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और बौद्धिक क्षमता बढ़ाने में मददगार।

○ राज्य सरकार ने वैदिक संस्कार और शिक्षा बोर्ड के गठन को मंजूरी दी।

○ प्रदेश में गर्मी और तेज़–तापमान बढ़ने के साथ सरहदी जिलों में हीटवेव के हालात।

000

प्रदेश में पुलिस आधुनिकीकरण और संबंधित आधारभूत संरचना के लिए 200 करोड़ रुपये का पुलिस मॉडर्नाइजेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड गठित किया जाएगा। आज राजस्थान पुलिस के 76वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसकी जानकारी देते हुए पुलिस के जवानों को रोडवेज की सेमी डीलक्स बसों में भी निःशुल्क यात्रा की सौगात दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों के विभिन्न भत्तों में बढोतरी की घोषणा करते हुए उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक और पुलिस पदक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस के जवानों का साहस, सेवा भावना और बलिदान अतुलनीय है।

............

इस बीच, प्रदेशभर में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन आज भी कई कार्यक्रम रखे गए। पुलिस लाइनों में सुबह परेड निकाली गई और रक्तदान तथा वृक्षारोपण के कार्यक्रम हुए। कई स्थानों पर पुलिस बैंड ने देशभक्ति गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

000

अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास के ध्येय के साथ राजस्थान पुलिस पिछले 75 सालों से राष्ट्रहित में सजगता के साथ अपने कर्तव्य का वहन करती आ रही है। बीते साढे सात दशकों की यात्रा में अनेक चुनौतियों से निपटते हुए प्रदेश की पुलिस देश के बेहतरीन बल के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है।

................

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि संशोधित ईआरसीपी, रामजल सेतु लिंक परियोजना प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजना है और इसे अगले दो सालों में मिशन मोड पर पूरा किया जाएगा। आज मुख्यमंत्री निवास पर जल संसाधन, इंदिरा गांधी नहर विभाग और जल उपयोगिता विभाग की समीक्षा बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग करने और हर 15 दिनों में इसकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में पेश करने के निर्देश दिये। इस बीच, यमुना जल समझौते की डीपीआर को लेकर गठित संयुक्त टास्क फोर्स की दूसरी बैठक 20 अप्रैल को पिलानी में रखी गई है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और बौद्धिक क्षमता बढ़ाने से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के जरिए, बच्चों को चुनौतियों से लड़ने वाली मानसिकता बनानी चाहिए। श्री बागडे आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में जयपुर में पीएम उषा अभियान के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय, सेवा भारती और राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से रखी गई इस कार्यशाला में राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने विभिन्न योजनाओं में शिक्षा के लिए, जो बजट आवंटित किया है वह विद्यार्थियों के विकास के लिए है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने आपदा प्रबंधन से जुड़ी भारतीय ज्ञान परंपरा की चर्चा करते हुए भारतीय ग्रंथों में प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के तरीकों की प्रशंसा की।

000

सवाईमाधोपुर के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में आज त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर बाघ एक बच्चे पर हमला कर उठा ले गया। घटना की सूचना मिलने पर वनकर्मी मौके पर पहुंचे और बाघ के कब्जे से मृत बच्चे को छुड़वाया। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये बच्चा परिवार के साथ गणेश मंदिर दर्शन के लिए गया था।

................

000

राज्य सरकार ने वैदिक संस्कार और शिक्षा बोर्ड के गठन को मंजूरी दे दी है। संस्कृत शिक्षा विभाग के संयुक्त शासन सचिव कैलाश चन्द्र यादव ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। प्रोफेसर गणेशी लाल सुथार को बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं प्रोफेसर राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, नरपत सिंह राठौड़, हरेश्वर छीपा, डॉ. कैलाश चतुर्वेदी, नरेश चन्द्र शर्मा और भवानी शंकर शर्मा को बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। ये बोर्ड राज्य सरकार द्वारा संभाग स्तर पर नवस्थापित आदर्श वेद विद्यालय और वैदिक गुरुकुल सहित राज्य में संचालित सभी वेद विद्यालयों और पाठशालाओं का संचालन करेगा।

000

नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस की ओर से आज ईडी कार्यालयों के आगे धरना प्रदर्शन किया गया। जयपुर में ईडी दफ्तर के आगे हुए विरोध प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटसरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। पत्रकारों से बातचीत में श्री जूली ने भारतीय जनता पार्टी पर बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया।

................

दूसरी ओर, ईडी कार्रवाई को लेकर भाजपा ने प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पार्टी पर देश की सम्पत्ति का अवैध तरीके से इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्पष्ट किया कि देश का कानून अपना काम कर रहा है और किसी को इसमें हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।

000

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज वक्फ सुधार जन जागरण अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई। पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय महामंत्री डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने इस कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर सहित पार्टी पदाधिकारी, अभियान के संयोजक, सह संयोजक उपस्थित रहे।

000

प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान ज्यादातर स्थानों पर दिन के तापमान में बढोतरी दर्ज की गई। दक्षिण–पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं हीटवेव चलने से जनजीवन पर व्यापक असर पडा। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बाड़मेर में भी पारा 44 डिग्री से ऊपर रहा। प्रदेश के अधिकतर जिलों में दिन का पारा 40 डिग्री से ऊपर दर्ज होने लगा है। मौसम विभाग ने बाडमेर और जैसलमेर जिले के लिए आज हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया था। वहीं 11 जिलों के लिए ऑरेंज और यलो अलर्ट था। विभाग के अनुसार अगले 4–5 दिन मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान है। इस बीच, आज उदयपुर, डूंगरपुर और दक्षिणी भागों में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

000

जोधपुर शहर में आज परम्परागत रूप से अनूठा मेला धींगा गंवर भरेगा। भीतरी शहर में भरने वाले मेले में महिलाएं विभिन्न स्वांग रचकर नाटकीय रूप से राज चलाएंगी। होली के बाद गंवर माता का पूजन करने वाली तीजणियां इसका आयोजन करती हैं।

...............

000

सवाईमाधोपुर जिले में मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आज दूसरे दिन भी विभिन्न पंचायतों का दौरा किया और जनसुनवाई की। उन्होंने शेरपुर, उलियाणा और चकेरी ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

000